आईआईएम रांची का एनुअल कल्चरल एंड स्पोर्ट्र्स फेस्ट रश 5.0 शुरू

दिन में दिखा स्पोर्ट्र्स स्प्रिट, शाम को वॉर ऑफ बैंड्स में छिड़ी धुनों की जंग

विभिन्न संस्थानों के 500 प्रतिभागी हुए शामिल

RUSH 5.0

सिटी रिपोर्टर. रांची

शेख भिखारी स्टेडियम, खेलगांव में सुबह से ही फुटबॉल, टेबल-टेनिस, बैडमिंटन समेत विभिन्न खेलों का दौर शुरू हुआ। जिसमें विभिन्न संस्थानों से आई टीमों के बीच जीतने की ललक दिखाई दी। वहीं शाम होते ही वॉर ऑफ बैंड्स में रॉक म्यूजिक से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। मौका था आईआईएम रांची के एनुअल कल्चरल व स्पोर्ट्र्स फेस्ट रश 5.0 का। इसकी शुरुआत विधिवत तरीके से संस्थान के डायरेक्टर डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किया। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया। दो दिनों तक चलने वाले इस फेस्ट के पहले दिन सोलो इंस्ट्रूमेंट, सोलो, डुएट सिंगिंग, ग्रुप डांस, वॉर ऑफ बैंड्स आदि कल्चरल इवेंट हुए। साथ ही कई स्पोर्ट्स कंपीटिशन भी हुए। इस बार फेस्ट का थीम रेडियोएक्टिव रिसर्जेंस रखा गया है। इसमें आईआईएम रांची के अलावा एमडीआई मुर्शिदाबाद, बीआईटी सिंदरी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एक्सआईएसएस, रिम्स, संत जेवियर्स कॉलेज आदि के 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया।

न आए हो न आवोगे...

वॉर ऑफ बैंड्स में प्रतिभागियों ने आदत..., माही आजा रे..., न आए हो न आवोगे... जैसे गीतों के अलावा कई हॉलीवुड सांग के साथ रॉक म्यूजिक का तड़का प्रस्तुत किया। इसमें आईआईएम रांची, बीआईटी, एमडीआई, क्रायोस्लिप आदि की टीम ने परफॉर्म कर अपने म्यूजिक स्किल को मंच पर उतारा। वहीं ग्रुप डांस इवेंट सुपरनोवा में लगभग 10 टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों ने डिफरेंट डांस स्टाइल प्रस्तुत किए।

आज के इवेंट्स

फेस्ट के दूसरे दिन दो फरवरी को मशहूर बैंड अंडरग्राउंड ऑथोरिटी का परफॉरमेंस होगा। जो मेगा स्पोर्ट्र्स कांप्लेक्स में शाम 7 बजे से शुरु होगी। इसके साथ ही दिन में स्ट्रीट प्ले, सोलो डांस, डुएट डांस, वॉक विथ ग्रेस आदि इवेंट होंगे।

Dainik Bhaskar. 02.02.2020. Pg. 02 (supl.)